जीवा आयुर्वेद राष्ट्रीय संपति की तरह : श्रीपद नाइक

केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने जीवा आयुर्वेद का दौरा किया और जीवा आयुर्वेद की ओर से मरीजों को प्रदान की जाने वाली उपचार सुविधाओं का जायजा लिया।

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने जीवा आयुर्वेद का दौरा कर यहां मरीजों को प्रदान किए जाने वाले उपचार व सुविधाओं का जायजा लिया। आयुषमंत्री ने इस दौरान कहा कि जीवा आयुर्वेद एक बड़ी राष्ट्रीय संपत्ति है। यह देखकर खुशी हुई कि डॉ.प्रताप चौहान आयुर्वेद को दुनिया भर में ले जाने का अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने आयुष मंत्रालय की ओर से आयुर्वेद के प्रोत्साहन में डॉ.प्रताप चौहान की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। श्रीपद नायक ने कहा कि आयुर्वेद से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर शरीर को विषाणुओं से लड़ने में सक्षम बनाया जा सकता है। जीवा आयुर्वेद ने लॉकडाउन के दौरान टेलीफोन एवं वीडियो कंसलटेशन के जरिए टेलीमेडिसिन के माध्यम से लोगों को चिकित्सा संबंधी परामर्श देना जारी रखा था और लोगों को अपने घरों में सुरक्षित रहते हुए उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा प्राप्त करने की सुविधाएं प्रदान की। यह सरहानीय कार्य है। इस दौरान श्रीपद नाइक ने खिजपुर में आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार केंद्र जीवाग्राम सेंटर फॉर वेलबिंग का भी दौरा किया। जीवा के प्रबंध निदेशक ऋषिपाल चौहान, मधुसूदन चौहान ने आयुष मंत्री का स्वागत किया और आभार जताया।